>

Title: Need to set up a medical college in Tikamgarh Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh-laid.

**डॉ. वीरेन्द्र कुमार (टीकमगढ़):** लोकसभा क्षेत्र टीकमगढ़ बुंदेलखंड का अभिन्न अंग है जहाँ अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग व आर्थिक दृष्टि से कमजोर व सामान्य वर्ग के लोग रहते हैं । बुंदेलखण्ड वर्तमान में आर्थिक दृष्टि से काफी पिछड़ा होने के कारण यहाँ स्वास्थ्य सेवाओं का अत्यंत अभाव है । अच्छी स्वास्थ्य सेवाओं के अभाव में जनता को अन्य स्थान जैसे भोपाल, इंदौर, दिल्ली में अपना इलाज कराने जाना पड़ता है । जिससे आर्थिक दृष्टि से पिछड़े लोगों को और अधिक भार उठाना पड़ता है । यदि टीकमगढ़ में मेडिकल कॉलेज खोला जाता है तो यहाँ की स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार आएगा व आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं से युक्त सेवाएँ भी प्राप्त हो सकेगी और यहाँ के युवाओं में शिक्षा को लेकर और अधिक उत्साह बढ़ेगा ।